# बाबा श्याम हमारा | By Passi Kesri

जो एक ही तीर चलाता है
हर पत्ता छेदा जाता है
हारे को गले लगाता है
वो है खाटूवाला श्याम
वो है खाटूवाला श्याम

हार के जो इस दर पे आये
उसको गले लगाता है
सच्चे दिल से मांग के देखो
झोली भर के जाता है
जो सबके काम बनाता है
वो है खाटूवाला श्याम
वो है खाटूवाला श्याम

मोरछड़ी के झाड़े में तो
ऐसी शक्ति न्यारी है
जिसपे कृपा श्याम की होती
उसकी किस्मत न्यारी है
बाबा दोनों हाथ लुटाता है
वो है खाटूवाला श्याम
वो है खाटूवाला श्याम

सुन्दर मुखड़ा चाँद का टुकड़ा
बाबा श्याम हमारा है
श्याम शरण में देख ले आके
आता अजब नज़ारा है
पास्सी श्याम प्रभु गुण जाता है
वो है खाटूवाला श्याम
वो है खाटूवाला श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-passi-kesri/